देश के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका

# श्रमिकों के इलाज हेतु कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों : राजभर



## सरकार श्रमिकों और मजदूरों के हितों के लिए पूरी तरह समर्पित

### *चिकित्सा सुविधा का उचित प्रबन्ध किया जाये : मनोहर*

*श्रम एवं सेवा योजन राज्य मंत्री मनोहर लाल ह्यमन्नू कोरीह्य ने कहा कि श्रमिकों को चिकित्सा सुविधा देने में किसी प्रकार की हीला-हवाली न की जाय। चिकित्सा सुविधा का उचित प्रबन्ध किया जाय। साथ ही सरकार द्वारा दिए जा रहे हितलाभ की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया जाय, जिससे अधिक से अधिक लोगों का लाभान्वित किया जा सके।*

### *सभी को बेहतरीन और अच्छी गुणवत्तायुक्त सुविधा उपलब्ध करायी जाये : प्रमुख सचिव*

*बैठक में अनिल कुमार प्रमुख सचिव (श्रम)/उपाध्यक्ष क्षेत्रीय परिषद ने कहा कि सभी को बेहतरीन और अच्छी गुणवत्तायुक्त सुविधा उपलब्ध करायी जाय, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक इन अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि आकस्मिक सुविधाएं तुरन्त प्राप्त हो सके, इसके लिए पर्याप्त संसाधन और मैनपॉवर होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किये जायें कि इलाज कराने वाला सदैव प्रसन्न होकर जाय। रोगियों को आवश्यक सुविधायें देने में जो भी समस्याएं आ रही हों, उसका शीघ्र निस्तारण कराया जाय।*

**लखनऊ (विधान केसरी)।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि देश के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से ह्यश्रमेव जयतेह्य के नारे के साथ काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता श्रमिक हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार श्रमिकों और मजदूरों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। प्राथमिकता पर किसानों और मजदूरों के हितलाभ की योजनायें चलाते हुए उनके जीवन शैली को बेहतर से बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह वक्तव्य श्रम मंत्री ने विधान स्थित तिलक हॉल में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 81 वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक में दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम मंत्री ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना के चिकित्सालयों में बेड आक्यूपेंसी का प्रतिशत बढ़ाने, जीर्ण-शीर्ण भवनों में संचालित औषधालयों के लिए नऐ किराये के भवनों की व्यवस्था, कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में विशेषज्ञों की तैनाती किए जाने पर विचार किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने कार्यों को गम्भीरता से करें, ताकि श्रमिकों का मनोबल बढ़े। राजभर ने निगम के कार्यकलापों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभी और अधिक परिश्रम की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत डिस्पेन्सरी और अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं दी जायें, जिससे श्रमिकों को इलाज कराने में कोई परेशानी न हो। उन्हें इलाज के लिए बेहतर माहौल दिया जाय, जिससे वे कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में इलाज कराने के लिए प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय परिषद की तिमाही बैठक अनिवार्य रूप से संपन्न की जाए, जिससे समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण हो सके। उन्होंने कहा कि औषधालयों तथा अस्पतालों में जहां-जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता पर भवनों की मरम्मत का कार्य किया जाये।